राज्य स्तरीय आकलन 2018–19
कक्षा–4
विषय–हिंदी (आदर्श उत्तर)

बहुविकल्पीय प्रश्न–

उत्तर 1. कुल अंक – 10 10 x 1

I. (ब) आदरणीय
II. (अ) पक्षियों को पकड़ने वाले को
III. (अ) तोता–मैना
IV. (स) आश्चर्य
V. (स) नाखून
VI. (ब) किताबें
VII. (ब) पहरेदार
VIII. (द) संगीतज्ञ
IX. (द) बसु विज्ञान मंदिर
X. (ब) न्याय

अति लघुउत्तरीय प्रश्न–

उत्तर 2. (कुल अंक 02) 2 X 6

पिंजरे में बंद होने पर तोता इसलिए दुखी था क्योंकि उसे पिंजरे से निकलकर गगन में उड़ने की आजादी नहीं थी।

उत्तर 3.

अली और हसन के बीच झगड़े का कारण अली का हसन द्वारा बेची जा रही लकड़ियों के साथ काठी को हथिया लेना था।

उत्तर 4.

हेमा छुटटी इसलिए लेना चाहती थी, क्योंकि उसकी माँ की तबीयत खराब थी।

या

हेमा की माँ की तबीयत खराब होने के कारण हेमा छुट्टी लेना चाहती थी।

उत्तर 5. पत्र में 'महोदय' शब्द प्रधानपाठक के लिए लिखा गया है। (कुल अंक 02)

उत्तर 6. शिक्षक अपने स्तर पर जाँच करें। जाँचकर्त्ता के लिए निर्देश– (कुल अंक 02)

- वाक्य पठन योग्य हों, अर्थ स्पष्ट हो रहा हो।
- जितने शब्द/वाक्य प्रश्न में निर्देशित हैं, कम से कम उतने वाक्य लिखे गए हों।

उत्तर 7. वह 'पसीना' है, जो धूप में पैदा होता है और हवा लगते ही मर जाता है।
(कुल अंक 02)

उत्तर 8. (कुल अंक 03)

एक कहानी मैं कहूँ,
तू सुन ले मेरे पूत।
बिन परों वह उड़ गया,
बाँध गले में सूत।।

उत्तर 9. (कुल अंक 03)

यह कविता 'पिंजरे का जीवन' से ली गई है। इसमें मैना तोते से कहती है कि हम पक्षी दिन–रात खाने की खोज में भटकते हैं तब जाकर हमें अन्न के दो दाने मिल पाते हैं।

उत्तर 10. (कुल अंक 03)

प्रेसीडेंसी कॉलेज में अंग्रेज प्रोफेसरों को तो वेतन अधिक दिया जाता था, लेकिन भारतीय प्रोफेसरों को कम वेतन दिया जाता था। अंग्रेजों के दोहरे व्यवहार के विरोध में उन्होंने कई वर्षों तक वेतन नहीं लिया। इससे उनके स्वाभिमानी होने का पता चलता है।

उत्तर 11. (कुल अंक 03)

अली खलीफा के सामने अपनी ही चाल में फँस गया। इसलिए अली को गधे की हजामत बनानी पड़ी।

प्रश्न 12. (कुल अंक 04)

राजिम में हर वर्ष माघ माह में मेला लगता है। यहाँ राजीवलोचन और कुलेश्वर महादेव के मंदिर हैं। यहाँ त्रिवेणी संगम है। इसलिए राजिम को छत्तीसगढ़ का प्रयाग कहा जाता है।

उत्तर 13. (कुल अंक 04)

(अ) चारों पाये नाचा देखने जाने के लिए आपस में झगड़ रहे थे।
(ब) चारों पाये खुशी से इसलिए उछल पड़े क्योंकि रीना नाचा देखने जाने वाली थी। इसलिए अब वे भी नाचा देखने जा सकते हैं।

उत्तर 14. (कुल अंक 04)

किताबें हमारी मित्र होती हैं क्योंकि उनसे हमें दुनिया भर की जानकारी प्राप्त होती है। किताबें ज्ञान का भण्डार हैं। इनसे हमें बीते जमानों की जानकारी भी प्राप्त होती है।

उत्तर 15. शिक्षक अपने स्तर पर जाँच करें। जाँचकर्त्ता के लिए निर्देश– (कुल अंक 4)

- वाक्य चित्र से संबंधित हों।
- वाक्य पठन योग्य हों, अर्थ स्पष्ट हो रहा हो।
- जितने शब्द/वाक्य प्रश्न में निर्देशित हैं, कम से कम उतने वाक्य लिखे गए हों।